## शुगर से बचाव की जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला एनसीडी इकाई एवं राजकीय जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

राजकीय जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने बताया कि आमजन में मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'डायबिटीज एंड वेल बींग' थीम के साथ विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मधुमेह, उक्त रक्तचाप तथा तीन कॉमन कैंसर से संबंधित बचाव की जानकारी आमजन को दी तथा स्वस्थ जीवन शैली के लिए स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन भी किया गया।

शिविर में जिला चिकित्सालय के एनसीडी प्रभारी डॉ संजय खत्री एवं विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों की जांच की तथा गैर संचारी रोगों की जानकारी एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध करवाए गए। शिविर के दौरान हाईपरटेंशन, डायबिटिज सबंधित स्क्रीनिंग कर बचाव एवं उपचार के बारे में बताया गया। शिविर में डॉ. बी.के तिवारी, डॉ. राजश्री चालिया, डॉ. रमाकान्त बिस्सा, डॉ. इशिका, डॉ. रश्मि जैन, डॉ. इन्दु दायमा एवं अन्य चिकित्सक के द्वारा शिविर में अपनी सेवाएं दी। शिविर में 185 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। वहीं उच्च रक्तचाप के चार एवं मधुमेह के तीन नए रोगी पाये गए। फिजियोथैरेपी में डॉ. मनीष गहलोत एवं डॉ. ऋषि शर्मा द्वारा 32 मरीजों को थैरेपी दी गई।

# कलेक्टर ने छतरगढ़ और लूणखां पंचायत में की जनसुनवाई

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरूवार को छतरगढ़ उपखंड मुख्यालय तथा लूणखां ग्राम पंचायत में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाएं सुनी।

उपखंड अधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालयों में

■ **पानी, बिजली, राजस्व सहित अन्य विभागों से जुड़े प्रकरणों में अधिकारियों को निर्देश दिए**

आमजन की परिवेदनाएं सुनें। यह सुनिश्चित करें कि आमजन को कार्यालयों के बेवजह चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की प्रभावी क्रियान्विति की जाए। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे और प्रत्येक कार्य के क्रियान्वयन में पूर्ण जिम्मेदारी बरती जाए।

जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत लूणखां में भी जनसुनवाई की। इस दौरान पानी, बिजली, राजस्व सहित अन्य विभागों से जुड़े प्रकरणों में अधिकारियों



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने छतरगढ़ और लूणखां पंचायत में जनसुनवाई कर पानी, बिजली, राजस्व व अतिक्रमण संबंधी मामलों पर सुनवाई की।**

से फीडबैक और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर ही कई छोटी-छोटी समस्याएं त्वरित रूप से निस्तारित की जा सकती हैं। इसके लिए अधिकारी संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित व्यक्ति का परिवाद सुनें। कुछ प्रकरण अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय तक पहुंचते है। इससे ग्रामीणों का धन और समय खराब होता है।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता रखते हुए काम करें। भूमि आवंटन के प्रकरण पर संबंधित विकास अधिकारी तथा उपखंड अधिकारी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वृष्णि ने कहा कि जिन स्कूलों के पास पट्टा नहीं है, ऐसे स्कूलों को सूचीबद्ध करते हुए आवेदन लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। विकास अधिकारी को मनरेगा सहित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई में पानी, बिजली, सड़क राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा अतिक्रमण हटाने से जुड़े प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सुनी परिवेदनाएं

**हनुमानगढ़,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में अब प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को पंचायत समिति स्तर पर 'अटल जन सेवा शिविर' आयोजित किए जा रहे हैं। हनुमानगढ़ जिले के सभी ब्लॉक कार्यालयों में शिविर लगाये गए।

जिला कलेक्टर कानाराम ने संगरिया के उपखंड कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाएं सुनते हुए मौके पर ही अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने परिवादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और सुझावों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को ब्लॉक में जाकर नियमित निरीक्षण करने और आमजन से रूबरू होने के निर्देश दिए।

शिविर में परिवादियों से परिवाद/शिकायत के आवेदन पत्र लिए जाकर प्राप्ति रसीद दी गई। अब उपखंड अधिकारी स्तर से परिवादों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। इससे परिवादों पर हुए कार्यों की राज्य स्तर से भी निगरानी रखी जा सकेगी।

जनसुनवाई से पहले कलेक्टर ने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम, जल उत्सव, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर बैठक ली। पेयजल और विद्युत सुचारू आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाओं और सड़क विकास सहित अन्य कार्यों की सुनिश्चितता के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री ने बराड़ को श्रद्धांजलि दी



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मंत्री स्व. गुरजंट सिंह बराड़ के निधन पर उनके घर जाकर श्रद्धांजलि दी।**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को पूर्व मंत्री स्व. गुरजंट सिंह बराड़ के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिये श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव 5 एलएनपी स्थित बराड़ परिवार के निवास पर पहुंचे। शोक व्यक्त करने के बाद मुख्यमंत्री आमजन से भी मिले। बराड़ निवास पर मुख्यमंत्री ने स्व. बराड़ के पुत्र बलदेव सिंह बराड़ व पौत्र एवं सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ सहित शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए संवेदना व्यक्त की और कहा कि पूर्व मंत्री गुरजंट सिंह के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। उसकी भरपाई असंभव है। पूर्व मंत्री बराड़ को नमन करते हुए उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर मुख्यमंत्री ने परिजनों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने भी बराड़ के चित्र के समक्ष नमन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, जिला प्रमुख कविता रेगर, जिला कलेक्टर डॉ. मंजू, एसपी गौरव यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी, पूर्व विधायक धर्मेन्द मोची, डॉ. ओ. पी. महेन्द्रा, पूर्व विधायक संतोष बावरी, पूर्व सांसद शंकर पन्नू, नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर पाण्डे सहित अन्य मौजूद थे।

### दंत रोग विभाग को उपकरण भेंट



**गंगाशहर नागरिक परिषद् ने गंगाशहर अस्पताल में दंत रोग विभाग के लिए उपकरण भेंट किए।**

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल में दांतों के इलाज की बेहतर सुविधाओं के लिए गंगाशहर नागरिक परिषद् द्वारा अस्पताल के दांतों के विभाग के लिए विविध उपकरण व सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश वाल्मीकि ने कहा कि अस्पताल में दंत विभाग में इन उपकरणों व सामग्री प्राप्त हो जाने से रोगियों के इलाज में सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ. जयसिंह बारठ ने बताया कि इन नये व आधुनिक उपकरणों से अब दांतों के डिजिटल एक्स-रे, फीलिंग, स्केलिंग व रूट केनाल आदि बेहतर चिकित्सा सुविधा गंगाशहर अस्पताल में उपलब्ध हो सकेगी। गंगाशहर नागरिक परिषद् के गंगाशहर इकाई के चेयरमैन जतनलाल दुगड़ ने बताया कि एण्डोमीटर, स्केलर, हेण्डपाई आदि सभी उपकरण एवं सामग्री चिकित्सकों की राय लेकर प्रतिष्ठित ब्राण्ड के उपलब्ध करवाये गये हैं। परिषद् के कोषाध्यक्ष महेन्द्र चौपड़ा ने बताया कि इन उपकरणों व सामग्री के लिए चुन्नीलाल बोथरा (बाधनूं बोथरा) परिवार ने उदारमना सौजन्य प्रदान किया है। परिषद् के बच्छराज रांका ने बताया कि अस्पताल में दंत विभाग के लिए प्रारम्भ में चेयर आदि मूलभूत सुविधाएं गंगाशहर नागरिक परिषद् द्वारा चम्पालाल डागा के कार्यकाल में नथमल विनोद कुमार बोथरा परिवार के सौजन्य से उपलब्ध करवाई गई थी। अब इन नये आधुनिक उपकरणों व सामग्री उपलब्ध हो जाने से दांतों के रोगियों को बहुत सुविधा मिलेगी।

### ओपन बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 25 से

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। दसवीं कक्षा के लिए 25 नवम्बर को सिंधी, 26 को राजस्थानी, 27 को गणित, 28 को डाटा एंट्री, 29 को मनोविज्ञान, 30 को विज्ञान, 2 दिसंबर को हिन्दी, 3 को व्यवसाय अध्ययन, 4 को चित्रकला, 5 को भारतीय संस्कृति, 6 को सामाजिक विज्ञान, 7 को गृह विज्ञान, 9 को अर्थशास्त्र, 10 को अंग्रेजी, 11 को संस्कृत, 12 को पंजाबी तथा 13 दिसम्बर को उर्दू विषय की परीक्षा होगी। श्रीगंगानगर राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर की 10वीं-12वीं बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 25 नवम्बर से शुरू होंगी। इसके लिए आरएसओएस द्वारा परीक्षाओं का टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है। इस साल ओपन बोर्ड पहली बार कृषि संकाय की परीक्षा भी आयोजित कर रहा है। जिसके तहत कृषि, कृषि रसायन और कृषि जीव विषय के पेपर लिए जायेंगे। गौरतलब है कि पिछले साल विधानसभा आम चुनाव के कारण इन परीक्षाओं का आयोजन दिसम्बर माह में किया गया था। इस साल ये पेपर 25 नवम्बर से शुरू होकर 16 दिसम्बर तक चलेंगे। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार परीक्षा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया है। जबकि 12वीं कक्षा के लिए 27 नवम्बर और 5 दिसम्बर को 2 पारियों में पेपर होंगे। दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए राज्य भर में सभी जिला मुख्यालयों के अलावा तहसील मुख्यालयों पर भी केन्द्र होंगे।

# कोलायत कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास तथा कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने गुरूवार को कोलायत में कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उपखंड अधिकारी राजेश नायक, तहसीलदार पूनम कंवर, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. सुनील जैन, पूर्व सरपंच रामकिशन आचार्य, पूर्व प्रधान जयवीर सिंह भाटी, राजेश चूरा, अमित व्यास सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी साथ रहे। विधायक व्यास ने कहा कि कपिल मुनि का मंदिर जन-जन की आस्था का केन्द्र है। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देश भर के श्रद्धालु यहां आयेंगे। इन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसके मद्देनजर सभी प्रशासनिक अधिकारी पूर्ण सतर्कता से कार्य करें।

कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेला कोलायत की पहचान और गरिमा से जुड़ा अवसर है। मेले में व्यवस्थाओं को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं



**कोलायत मेले की तैयारियों का विधायक जेठानंद व्यास व कोलायत विधायक अंशुमान सिंह ने जायजा लिया।**

रहे। देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं। जिससे उनके मन में यहां की बेहतर छवि बनें। विधायक व्यास और भाटी ने कपिल सरोवर सहित समूचे मंदिर क्षेत्र का अवलोकन किया। वाहनों की पार्किंग, लोगों के ठहराव, भोजन, पेयजल, चिकित्सकों की नियुक्ति, पुलिस बस तैनाती, सरोवर में सुरक्षा मापदंडों की पालना सहित विभिन्न बिन्दुओं के बारे में जाना। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में विद्युत के एक लाख पोल लगाये जायेंगे। इन पर 60 करोड़ रूपए व्यय होंगे। इससे विद्युत पोल की कमी के कारण अब तक बिजली से वंचित गांवों और ढाणियों तक बिजली पहुंचाई जायेगी।

## उप चुनाव में हुआ 66.14 प्रतिशत मतदान

**झुंझुनूं** , ( निसं ) झुंझुनूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उप चुनाव बुधवार को शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 66.14 प्रतिशत मतदान हुआ। उप चुनाव के तहत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक सदा भार्गवी ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने भी सुबह मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ होने के साथ ही झुंझुनूं शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर हौसला अफजाई की। गौरतलब है कि उप चुनाव के लिए 14 सहायक मतदान केंद्रों समेत 263 मतदान केन्द्र बनाएं गए थे, जिन्हें अलग-अलग थीम्स पर सजाया गया था। जिला प्रशासन की ओर से मतदान केन्द्रों को आर्मी, ग्रीन, शेखावाटी कल्चर एवं स्पोर्टस थीम पर सजाया गया था। लोगों ने जिला प्रशासन के नवाचार की तारिफ की।

# इंटर्नशिप में अनुपस्थित मिले बेरोजगार युवा

**बीकानेर,**(कासं)। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए बेरोजगार प्रार्थियों को विभिन्न राजकीय विभागों में प्रतिदिन 4 घंटे की इंटर्नशिप करने के लिए भेजा जाता है। इस संबंध में बुधवार को रोजगार कार्यालय द्वारा रासीसर व पलाना के विभिन्न विभागों में इंटर्नशिप करने वाले आशार्थियों का मौके पर पहुंचकर उनकी उपस्थिति का भौतिक सत्यापन किया गया।

उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उप निदेशक हरगोबिंद मित्तल ने बताया कि रासीसर में पुरोहितान बास, कुम्हारों का बास, तालरिया बास व पंचायतान बास में स्थित शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी एवं चिकित्सा विभाग के कार्यालयों एवं विद्यालयों में कार्यरत इंटर्न्स के भौतिक सत्यापन में कई जगह इंटर्नशिप कर रहे प्रार्थी अनुपस्थित मिले तथा कुछ अन्य अनियमितताएं पाये जाने पर संबंधित से प्रत्युत्तर मांगा गया है।

इसी क्रम में पलाना स्थित विद्यालयों में भी कुछ इंटर्न अनुपस्थित पाये गये। जिनका बेरोजगार भत्ता

■ **रोजगार विभाग के दल ने किया औचक निरीक्षण**

नियमानुसार बंद कर दिया गया है। मित्तल ने बताया कि विभाग द्वारा इस योजनान्तर्गत उपस्थिति प्रमाण पत्रों एवं इंटर्न्स से लिये जाने वाले कार्यों का लगातार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिसमें अनियमितता पाये जाने अथवा ऑनलाइन उपस्थिति में कूटरचित दस्तावेज अपलोड करने पर संबंधित प्रार्थी से बेरोजगारी भत्ता राशि की वसूली कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जिन विभागों में भी बेरोजगारी भत्ता हेतु इंटर्नशिप के लिए आशार्थी भेजे जा रहे हैं, वहां के कार्यालयाध्यक्ष उपस्थिति जारी करते समय विशेष ध्यान रखें। वे स्वयं समय-समय पर जांच करते रहें तथा त्रुटिपूर्ण उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी न करें जिससे योजनान्तर्गत पात्र आशार्थियों को ही लाभ मिल सके। सत्यापन में पाई गई अनियमितता में किसी भी कार्मिक के संलिप्त होने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

# श्रीगंगानगर में सर्दी बढ़ी, कोहरा छाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गुरूवार को सुबह अचानक छाए कोहरे से सर्दी का असर तेज हो गया। पिछले कुछ दिन से इलाके में मौसम साफ था। बुधवार रात तक भी ऐसे ही हालात थे, लेकिन गुरूवार सुबह जब शहर के लोग जागे तो हर तरफ कोहरे की चादर नजर आने लगी।

इससे सुबह-सुबह घरों से निकलने वाले लोग परेशान हुए। कॉलेज स्टूडेंट्स सुबह सर्दी से बचाव के इंतजाम कर कॉलेजों में पहुंचे। वहीं स्कूल स्टूडेंट्स के भी यही हाल थे। मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या तो कोहरे के कारण बेहद कम हो गई। वाहन चालक भी काफी धीमी गति से वाहन चलाते हुए निकले। इन लोगों ने लाइटें जला रखी थी। इलाके में पिछले कुछ दिन से स्मॉग के हालात बने हुए थे। इस दौरान कोहरा तो रहा, लेकिन इसके साथ धुएं का असर मिल जाने से विजिबिलिटी तो कम रही, लेकिन इसका ज्यादा असर नहीं था। इससे सड़कों पर निकले दूध और सब्जी विक्रेता परेशान होते दिखाई दिए।

अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक्सपर्ट्स के अनुसार अगले 24 घंटे में हालात ऐसे ही बने रह सकते हैं।

## जागरूकता रैली का आयोजन

**झुंझुनूं,** ।राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर आमजन में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग विद्यार्थियों ने पट्टिकाओं पर डायबिटीज जागरूकता के संदेश लिखकर एवं नारे लगाकर संदेश दिया। विश्व डायबिटीज दिवस पर अस्पताल में स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पुराने एवं नए रोगियों की जांच फिजिशियन डॉ. कृष्णा द्वारा की गई। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. संदीप पचार ने बताया कि बीडीके अस्पताल में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 25 प्रतिशत डायबिटीज के रोगियों में बढ़ोतरी हुई है। जिसके कारण मुख्यतः आमजन में जागरूकता, जांच एवं खानपान में बदलाव है।

# अनूपगढ़ अस्पताल एक डॉक्टर के भरोसे, मरीजों की संख्या बढ़ी

**अनूपगढ़,** (कासं)। सरकारी अस्पताल में मौसमी बीमारियां बढ़ने के कारण ओपीडी भी बढ़ गई है। सरकारी अस्पताल में ओपीडी 650 के करीब पहुंच गई है मगर अनूपगढ़ का सरकारी अस्पताल राम भरोसे ही चल रहा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर अनूपगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री भी है मगर फिर भी अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों के काफी पद रिक्त पड़े हैं। सरकारी अस्पताल में एक मात्र डॉक्टर मुरलीधर कुमावत 24 घंटे ड्यूटी कर मरीजों को स्वास्थ्य

■ **एक डॉक्टर कर रहा 24 घंटे ड्यूटी, वैकल्पिक व्यवस्था में लगाए 6 डॉक्टर अनुपस्थित मिले**

सेवाएं देने का प्रयास कर रहे हैं। जिले के सीएमएचओ गिरधारी लाल मेहरड़ा ने अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था में 6 डॉक्टर की नियुक्ति की थी मगर कोई भी डॉक्टर अस्पताल नहीं आ रहा है। डॉ मुरलीधर कुमावत ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था पर लगाये गए सभी डॉक्टर बिना सूचना के अनुपस्थित रह रहे है। इस कारण से उन्हें ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम इमरजेंसी अकेले ही संभालने पड़ रहे है।

सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीज और उनके परिजनों को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। जिससे मरीजों की परेशानी और भी अधिक बढ़ जाती है। अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में मौसमी बीमारियां बढ़ने के कारण मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है।

# पंडित जवाहर लाल नेहरू को जयंती पर कांग्रेसजनों ने याद किया

**बीकानेर,** (कासं)। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 135 वीं जयंती पर जवाहर पार्क स्थित प्रतिमा स्थल पर शहर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अध्यक्ष यशपाल गहलोत एवं बिशनाराम सियाग की अध्यक्षता में पुष्पांजलि और शब्दांजलि कार्यक्रम आयोजित किया।

पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता डॉ बी. डी. कल्ला ने पुष्पांजलि करते हुए कहा कि पंडित नेहरू की योजनाओं ने आजाद भारत में उद्योग की नींव रखी। आजाद भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेहरू ने अपने पहले कार्यकाल में खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया और देखते देखते भारत में खेती के प्रति रूझान बढ़ने लगा। पंडित नेहरू दूरदर्शिता के धनी थे।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि जब भारत आजाद हुआ तब देश की वित्तीय हालात बहुत दयनीय थी। हालात ये थे कि हर छोटी से छोटी चीज के लिए विदेशों पर निर्भर थे। उस वक्त पंडित नेहरू के सामने बहुत बड़ी



**पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर जवाहर पार्क में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि दी।**

चुनौती थी लेकिन अपनी कर्तव्यता और दूरदर्शिता के बूते देश में हरित क्रांति और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित कर नेहरूजी ने आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला रखी।

जिला देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि पंचवर्षीय योजना के तहत देश की प्रगति को सुनिश्चित किया। इस हालात में यह कहा जा सकता है कि पंडित नेहरू की कार्ययोजना भारत जैसे विविधता वाले देश को मजबूत भारत बनने में कारगर

■ **'देश में हरित क्रांति और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित कर नेहरू ने आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला रखी'**

साबित हुई। आज के दिन हम उन्हें याद करके उनके पथ को अपना सकें। यह देश के हालात को सुधारने वाला साबित होगा। प्रदेश कांग्रेस सचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि पंडित नेहरू देश के हर वर्ग के चहेते थे। खासतौर से छोटे बालक-बालिकाओं को वे ज्यादा पसंद थे। प्रदेश सचिव गजेंद्र सांखला ने कहा कि हम ये प्रण करें की नेहरू की नीति को अपनाते हुए अखंड भारत को अक्षुण बनाए रखेंगे।

# एस.डी.एम.को थप्पड़ मारने के विरोध में पेन डाउन हड़ताल

**बीकानेर,**(कासं)। देवली उनियारा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा एसडीएम को थप्पड़ मारने के विरोध में राजस्थान प्रशासनिक सेवा एसोसिएशन की ओर से पेन डाउन हड़ताल रखी गई है। जिसके तहत बीकानेर के आरएएस अधिकारियों ने सर्किट हाउस से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर विरोध जताया और सीनियर आईएएस व यूआईटी सचिव अर्पणा गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर मीणा की गिरफ्तारी की मांग की।

साथ ही मीणा को किसी भी प्रकार के चुनाव न लड़ने के लिये चुनाव आयोग से पाबंद करने का आग्रह भी किया। इस मौके पर एडीएम दुलीचंद मीणा, रमेश देव, उम्मेद दान रतनू, शैलेंद्र देवड़ा, गोपाल राम बिरदा, शारदा चौधरी,यशपाल आहूजा सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे। उधर जिला कलेक्टर कार्यालय के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने भी आरएएस अधिकारियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। आर.ए. एस. अधिकारियों ने



**उनियारा एस.डी.एम. को थप्पड़ मारने पर आरएएस अधिकारियों ने यूआईटी सचिव अर्पण अरोडा को ज्ञापन देकर विरोध जताया।**

यूआईटी सचिव अर्पणा गुप्ता से मुलाकात कर देवली-उनियारा से निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा द्वारा मतदान के दौरान एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारने पर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

इस दौरान अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में यूआईटी सचिव को ज्ञापन देकर नरेश मीणा की गिरफ्तारी की मांग की गई है। इस अवसर पर मनोज व्यास, मनीष जोशी, मनीष शर्मा आदि मौजूद थे।